# डायल 112 की तत्परता ने बचाई महिला की जान

सिवनी (स्वतंत्रमत )

दिनांक 02.02.2026 को समय 14.47 बजे डायल112 पर प्राप्त सूचना के आधार पर एफआरबी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया गया। कॉलर ने बताया कि उसके पति द्वारा उसे कोई अज्ञात पदार्थ पिला दिया गया है, जिससे उसे चक्कर आ रहे हैं और तबीयत बिगड़ रही है। कॉल के दौरान 108 एम्बुलेंस की आवश्यकता भी बताई गई। सूचना मिलते ही एफआरबी को तत्काल रवाना किया गया। प्रारंभिक लोकेशन पर महिला उपस्थित नहीं मिली, जिस पर टीम द्वारा आसपास क्षेत्र में खोजबीन की गई। बाद में कॉलर द्वारा गांधी भवन, सिवनी का पता बताया गया। वहाँ पहुँचने पर महिला के साथ दुर्व्यवहार की स्थिति पाई गई, जबकि आरोपी पति एफआरबी वाहन को देखकर मौके से फरार हो गया।



घायल महिला को तत्काल एफआरबी वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया। महिला ने अपना नाम संजना बंशकार, पति संतोष बंशकार, उम्र 35 वर्ष, निवासी नैनपुर, वर्तमान पता गणेश चौक (ससुराल) बताया। महिला को आरक्षक मुकेश नवरती एवं पायलट कमलेश मरकाम द्वारा अस्पताल पहुँचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति स्थिर है एवं वह खतरे से बाहर है। इस संपूर्ण कार्रवाई में डायल 112 हेल्प डेस्क ऑपरेटर आर. इंद्रेश टेकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धूमा मे सड़क हादसे में घायल दो युवकों को डायल-112 की त्वरित से समय पर उपलब्ध कराया गया उपचार

गत 01 फरवरी 2026 को समय 13:05 बजे डायल-112 को सूचना प्राप्त हुई कि नागंदेवरी मार्ग पर बंजारी घाटी से पहले दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही डायल-112 की एफआरव्ही -17 तत्काल रवाना होकर 13:13 बजे मौके पर पहुँची। मौके पर तैनात स्टाफ द्वारा घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान कर शासकीय वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धूमा लाकर सुरक्षित रूप से भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान मोहन उईके (18 वर्ष) एवं आकाश उईके (20 वर्ष) के रूप में हुई है। समय पर की गई कार्रवाई से घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध हो सका। इस सराहनीय कार्य में सै. 57 शीलचंद इड़पाचे, चालक अतुल सायलवार तथा डायल -112 हेल्प डेस्क ऑपरेटर अमन मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डायल-112 की त्वरित, संवेदनशील एवं मानवतापूर्ण कार्रवाई आमजन के प्रति सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।



### जिले में जल प्रबंधन की तैयारियों की कलेक्टर पटले ने की व्यापक समीक्षा

# ग्रीष्मकालीन मांग के अनुरूप जल आरक्षण तथा योजनावार सतत मॉनिटरिंग के निर्देश

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम एवं नगरपालिका के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के छोटे एवं बड़े बांधों की जल संग्रहण क्षमता, उपलब्ध जल तथा नगरीय क्षेत्र में जलापूर्ति हेतु मांग एवं आरक्षित जल के साथ समूह नलजल योजनाओं की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दौरान निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जलापूर्ति योजनाओं की अनुमानित मांग के अनुरूप पर्याप्त जल आरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बांधों के



जलस्तर, जल निकासी एवं आपूर्ति व्यवस्था के साथ-साथ समूह नलजल योजनाओं से होने वाली जलापूर्ति की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी संभावित जल संकट की समय रहते पहचान कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने बांधों के माध्यम से होने वाली जलापूर्ति को ग्रीष्मकाल में भी सुगम बनाए रखने हेतु विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही समूह नलजल योजनाओं को पूर्ण क्षमता से संचालित रखने, पाइपलाइन, पंप एवं अन्य संरचनाओं के नियमित रख-रखाव के निर्देश भी दिए। उन्होंने अनाधिकृत रूप से बांधों अथवा जलापूर्ति संरचनाओं से पानी लेने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरपालिका सिवनी के अधिकारियों को दीर्घकालीन नगरीय जलापूर्ति की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नवीन परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए, जिससे भविष्य की जल आवश्यकताओं के अनुरूप स्थायी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### एसआईआर-2026:मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

# जिले में अब तक 95.76 प्रतिशत मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म का डिजिटलीकरण पूर्ण

सिवनी (स्वतंत्रमत )

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिवनी जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक, सचिव परिवहन विभाग एवं मध्यप्रदेश सुगम परिवहन सेवा निगम के प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले, एसडीएम सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी, एसडीएम बरघाट संदीप श्रीवास्तव सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



रोल प्रेक्षक मनीष सिंह ने विधानसभा-वार प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं की संख्या, लिंगानुपात एवं ईपिक रेशियो का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। इस हेतु 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवाओं के नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है अथवा जिनके एन्यूमेरेशन फॉर्म जमा नहीं हो सके हैं, उनकी सुनवाई के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र पाए जाने पर नाम सूची में शामिल किए जाएं। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में बताया गया कि 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 10 लाख 57 हजार 576 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 5 लाख 33 हजार 935 पुरुष, 5 लाख 23 हजार 630 महिला तथा 11 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 12 हजार 332 है।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान नाम जोड़ने हेतु 11 हजार 933 फॉर्म-6, नाम हटाने हेतु 1247 फॉर्म-7 तथा संशोधन हेतु 3881 फॉर्म-8 प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5538 फॉर्म-6, 400 फॉर्म-7 तथा 1775 फॉर्म-8 का निराकरण किया जा चुका है।

जिले में कुल 1478 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 1407 केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी एवं 1384 केंद्रों पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए हैं।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एसआईआर-2026 के अंतर्गत जिले में अब तक 95.76 प्रतिशत मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म का डिजिटलीकरण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4340 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 40 हजार 972 मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म विभिन्न कारणों से जमा नहीं हो सके, जिनमें 13 हजार 762 मतदाता मृत, 5165 अनुपस्थित, 19 हजार 257 अन्य स्थान पर स्थायी रूप से निवासरत, 2648 के नाम अन्य स्थान की मतदाता सूची में दर्ज तथा 140 अन्य विविध कारणों से शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन अभियान प्रारंभ

सिवनी (स्वतंत्रमत )

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पेंशन योजना के तहत पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक पंजीयन किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्र हेतु 16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक अभियान संचालित किया जाएगा। इस योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक जैसे ऑटो-रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, रेहड़ी-पटरी व्यवसायी, मोची, धोबी, नाई, घरेलू श्रमिक, कृषि एवं निर्माण श्रमिक, स्वरोजगार में कार्यरत मजदूर आदि ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होंगे, जो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हों, ईपीएफ/ईएसआईसी/एनपीएस के लाभार्थी न हों, आयकर दाता न हों तथा जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक न हो। पात्र श्रमिकों को आयु के अनुसार 55 से 200 रुपये प्रतिमाह अंशदान करना होगा, जिसके बराबर अंशदान भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

योजना अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रमिक को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी।

पेंशनधारी की मृत्यु होने पर उनकी विधवा/विधुर को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त स्वेच्छा से योजना छोड़ने पर अंशदान वापसी का विकल्प भी उपलब्ध है।

# महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज का निर्विरोध गठन हुआ

## अध्यक्ष संजय उर्फ पप्पू सोनी एवं उपाध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद सोनी बने



सिवनी (स्वतंत्रमत )

गत दिवस महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज का गठन निर्विरोध आनंद लान छिड़िया पलारी मे किया गया बैठक के दौरान सर्वप्रथम समाज के आराध्य संत नरहरी महाराज का पूजन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी सामाजिक बंधुओ के द्वारा समाज सभी गतिविधियों पर चर्चा किया गया किया गया एवं संरक्षण सदस्यों एवं वरिष्ठ जनों का साल साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया एवं सभी सदस्यों को तिलक वंदन किया तत्पश्चात जिला कार्यकारिणी की सभी इकाई सिवनी ,उगली ,मोहगांव ,गंगेरूआ, बरघाट के अलावा अन्य इकाईयों के सभी वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओ ने भाग लिया तत्पश्चात गहन विचार मंथन के बाद जिला अध्यक्ष संजय उर्फ पप्पू सोनी एवं जिलाउपाध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद सोनी भज्जे डूंडा सिवनी को निर्विरोध चुने गए इसी क्रम में संतोष कारेमोरे को सचिव, कोषाध्यक्ष भोला जी अरमरकार, सह सचिव नंदकिशोर गुरव सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए चुने गए सभी कार्यकारिणी के अध्यक्ष सहित सभी कार्यकारिणी के सदस्यों का पूर्व अध्यक्ष पूनम चंद सोनी एवं एवं सभी कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा पुष्प हार से स्वागत कर तिलक वंदन किया गया एवं नवनिर्मित जिला अध्यक्ष से अपेक्षा की समाज को शिखर तक पहुंचाएं।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा क्षेत्रांतर्गत किये गये विकास कार्यों के भूमिपूजन

## विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का रास्ता हमारे गांवों से होकर गुजरता है- दिनेश राय मुनमुन

सिवनी (स्वतंत्रमत )

विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का रास्ता हमारे गांवों से होकर गुजरता है। यह जीराम जी मिशन केवल एक सरकारी योजना नही है बल्कि ग्रामीण भारत के स्वावलंबन की गारंटी है। यह बात भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा भूमिपूजन एवं जनसंपर्क कार्यक्रम के अवसर पर कही गयी। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रात: 10 बजे से दौरा प्रारंभ कर ग्राम गोरखपुर कलां, गरठिया, दिघौरी मे गुरु रत्नेश्वर धाम मंदिर मे दर्शन-पूजन उपरांत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके पश्चात श्री राय ने गाडरवाड़ा, सापापार, जाम, हिनोतिया, रनबेली, छिन्दग्वार एवं





ग्राम मारबोडी मे विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया तथा ग्रामीण जनों से मुलाकात कर बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया तथा समस्याओं को सुना। इस दौरान गांव-गांव मे श्री राय का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि आज हमारा देश अमृत काल में है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाया जाए और इस संकल्प की सिद्धि का रास्ता हमारे गांवों से होकर गुजरता है। यह जीराम जी मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत के स्वावलंबन की गारंटी है। आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि लखपति दीदी योजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया जा रहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना में पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को बिना गारंटी ऋण एवं प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कौशल को आधुनिक बाजार से जोड़ा जा रहा है। इसी प्रकार मनरेगा में सुधार कर उसे केवल गड्ढे खोदने तक सीमित न रखते हुए अमृत सरोवर, सिंचाई प्रणालियों जैसी उत्पादक संपत्तियों के निर्माण से जोड़ा गया है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि जब हम गारंटी की बात करते हैं तो यह भाजपा का वह विश्वास है, जो समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति यानी अंत्योदय तक पहुंचता है। विकसित भारत का अर्थ हर हाथ को काम, हर खेत को पानी और हर परिवार को सम्मानजनक आजीविका है। गांवों में कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से युवाओं को गांव में ही डिजिटल रोजगार उपलब्ध कराना, कृषि के आधुनिकीकरण में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना भी इसी विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है।

# जिले में आवारा पशु बने जानलेवा

## दीपक जयहिंद के नेतृत्व में उठा जनहित का सवाल, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

सिवनी (स्वतंत्रमत )

शहर की सड़कों, चौराहों और रिहायशी इलाकों में आवारा गौवंश की बढ़ती संख्या अब आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। दिन हो या रात, सिवनी नगर के कई व्यस्त मार्गों पर गाय-बैल खुलेआम बैठे देखे जा सकते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

इस गंभीर समस्या को लेकर आज़ाद हिंद के आशिक़ दीपक जयहिंद के मार्गदर्शन में कार्यरत सामाजिक संगठन दीपक जयहिंद टीम ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। टीम लीडर दीपक डहेरिया द्वारा नगर पालिका परिषद सिवनी को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की गई है।

### फोटो-प्रमाणों ने खोली प्रशासन की पोल

दीपक जयहिंद टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए फोटो-प्रमाणों में साफ़ देखा जा सकता है कि सिवनी के विभिन्न इलाकों मुख्य सड़कों, चौराहों और मोहल्लों में गौवंश खुलेआम बैठा हुआ है। ये



तस्वीरें अलग-अलग तारीखों और स्थानों की हैं, जो यह साबित करती हैं कि यह समस्या अस्थायी नहीं, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है।

#### दुर्घटनाओं का स्थायी कारण बनता गौवंश

आवारा गौवंश के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और बच्चों की जान जोखिम में है। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैल रही है। नगर की छवि और स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

#### कानून मौजूद, फिर भी लापरवाही

मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 तथा राज्य की गौ-संरक्षण नीतियों के अनुसार नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं पर नियंत्रण रखना नगर पालिका की वैधानिक जिम्मेदारी है। नियमों के तहत पशुओं को सड़कों पर छोड़ना दंडनीय अपराध है, लेकिन सिवनी में इन नियमों का पालन होता नज़र नहीं आ रहा।

### प्रशासन को सौंपा गया कड़ा ज्ञापन


टीम लीडर दीपक डहरिया, दीपक जयहिंद टीम (सिवनी) द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा गौवंश को तत्काल पकड़कर अधिकृत गौशालाओं में भेजा जाए

पशुओं को सड़कों पर छोड़ने वाले पशु-स्वामियों पर सख़्त जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष पकड़ अभियान चलाया जाए। नगर एवं आसपास की गौशालाओं की क्षमता, सूची और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

बीमार व घायल गौवंश के लिए पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से समुचित उपचार व्यवस्था की जाए।

#### जनहित आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो आज़ाद हिंद के दीपक जयहिंद के नेतृत्व में दीपक जयहिंद टीम कानून के दायरे में रहते हुए जनहित में प्रतीकात्मक आंदोलन और जन-जागरूकता अभियान चलाने के लिए बाध्य होगी। जब कानून स्पष्ट है, फोटो-प्रमाण सामने हैं और आम जनता की जान खतरे में है। अब निगाहें नगर पालिका परिषद सिवनी और जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर समस्या पर कब ठोस कदम उठाते हैं।



## नहर की संकीर्ण पुलिया पर हो रही दुर्घटनाएं

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कान्हीवाड़ा से बंडोल प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर कान्हीवाड़ा, के पास भीमगढ़ डी तट नहर की संकीर्ण पुलिया पर अनियंत्रित होकर बोलोरो बाल बाल बची बोलेरो में बैठे सभी यात्रियों को ग्रामीणों ने बाहर निकाल जिन्हें मामूली चोट आई और रात्रि के समय लखनादौन से कान्हीवाड़ा, मैं सवारी को छोड़कर जा रही थी जहां नहर की संकीर्ण पुलिया जहां आए दोनों दुर्घटनाएं घटती रहती हैं वहां फिर एक बड़ी घटना होते-होते बची ड्राइवर की सूझबूझ से नहर की खाई में गिरने से बोलोरो गाड़ी बज गई इसके पूर्व में भी अनेकों घटनाएं घट चुकी है इस बात को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ नेता एम नईम खान प्रधानमंत्री सड़क सहित जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस पुलिया में नहर की आए दोनों घटना घट रही हैं पुलिया की चौड़ाई किए जाने की मांग की है इस विषय पर प्रधानमंत्री सड़क अधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया है समय रहते ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं ना घाट सके।

# शिक्षक अशोक श्रीवास्त्री की सेवानिवृत्ति पर ऐतिहासिक विदाई





सिवनी (स्वतंत्रमत )

शिक्षा के क्षेत्र में लगभग चार दशकों तक निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ सेवाएं देने वाले उच्च श्रेणी शिक्षकअशोक श्रीवास्त्री 31 जनवरी 2026 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर ग्राम सुकतरा के नागरिकों एवं सांदीपनी सी.एम. राइज विद्यालय सुकतरा परिवार द्वारा उन्हें भावपूर्ण एवं ऐतिहासिक विदाई दी गई।

विदाई समारोह के दौरान श्री श्रीवास्त्री को पारंपरिक बग्गी में बैठाकर पूरे ग्राम का भ्रमण कराया गया। यह दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला रहा, जहां शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने प्रिय शिक्षक को विदा करते समय अनेक लोगों की आंखें नम हो गईं। सभी ने पुष्पवर्षा कर, माल्यार्पण एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

ज्ञात हो कि शासकीय सेवा यात्रा के दौरान शिक्षक अशोक श्रीवास्त्री ने अपने शासकीय सेवाकाल की शुरुआत वर्ष 1985 से 1988 तक छपारा विकासखंड के ग्राम भेड़की से की। इसके पश्चात 1988 से 2026 तक उन्होंने ग्राम सुकतरा में निरंतर शिक्षण कार्य किया। 1998 से 2006 तक उन्होंने जनशिक्षक के रूप में कार्य करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाई। वहीं 2001 से 2003 तक कुरई विकासखंड में बीआरसीसी के रूप में भी सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के समय वे सांदीपनी सी.एम. राइज विद्यालय सुकतरा में पदस्थ थे।

अपने लंबे सेवाकाल में श्री श्रीवास्त्री ने हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की सीख दी। विदाई समारोह में वक्ताओं ने उनके योगदान को शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक बताया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानित भविष्य की कामना की।